---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – उनका गवर्नेंस मॉडल विश्वास पर आधारित है। श्री मोदी ने प्रसिद्ध पॉडकास्टर लेक्स फ्रेडमैन के शो में कहा– वे लोगों पर केंद्रित शासन चलाते हैं।

02. राज्य में पुलिसकर्मियों पर लगातार हो रहे हमलों पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये।

03. दानापुर की खुशबू कुमारी अब बनेगी डॉक्टर। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने पटना के जिलाधिकारी को आर्थिक रूप से कमजोर खुशबू कुमारी का दाखिला वर्तमान सत्र में जीव विज्ञान संकाय में कराने का निर्देश दिया।

04. और, बिहार कांग्रेस ने रोजगार और पलायन के मुद्दे पर आज पश्चिम चंपारण के भितिहरवा गांधी आश्रम से पदयात्रा की शुरूआत की।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनका गवर्नेंस का मॉडल विश्वास पर आधारित मॉडल है। उन्होंने कहा कि जनता को सरकार की ओर से दिये जाने वाले लाभ में धर्म या जाति के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता है। प्रधानमंत्री ने प्रसिद्ध पॉडकास्टर लेक्स फ्रेडमैन के शो में विविध विषयों पर अपने विचार रखे। श्री मोदी ने कहा कि सुशासन के केंद्र में हमेशा जनता जनार्दन होना चाहिए।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि वे लोगों पर केंद्रित शासन चलाते है और चुनाव में लाभ के लिए शासन उनका एजेंडा नहीं है।

–––बाइट–––

---

राज्य में पुलिसकर्मियों पर लगातार हो रहे हमलों पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है।

उन्होंने कहा कि सरकार आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगी। श्री चौधरी ने कहा कि पुलिसकर्मियों की हत्या और उन पर हमला के किसी भी दोषी को छोड़ा नहीं जाएगा।

---

इधर, भागलपुर जिले के अंतीचक थाना के कासरी गांव में पुलिस टीम पर हमला और पुलिसकर्मियों के घायल होने के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में डीएसपी कल्याण आनंद ने बताया कि पुलिस गांव में एक विवाद को सुलझाने गई थी, तभी उन पर हमला किया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में दस–पंद्रह अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया है।

———बाइट———

वहीं, नवादा जिले के तुलसी बिगहा गांव में घरेलू विवाद को सुलझाने गयी पुलिस टीम पर ग्रामीणों के हमले में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। उग्र भीड़ ने थाने के वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। बाद में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पुलिस पर हमले के आरोप में आठ उपद्रवियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

---

बिहार कांग्रेस ने रोजगार और पलायन के मुद्दे पर आज से विशेष यात्रा की शुरूआत की है। कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु के नेतृत्व में पश्चिम चंपारण के भितिहरवा गांधी आश्रम से इसकी शुरूआत हुई। यह पदयात्रा प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए पटना तक जाएगी। पार्टी ने इस यात्रा को पलायन रोको– नौकरी दो का नाम दिया है। इस अवसर पर अपने संबोधन में कांग्रेस प्रभारी श्री अल्लावरू ने कहा कि राज्य में पलायन और बेरोजगारी की स्थिति चिंताजनक बनी हुयी है। पार्टी इस पदयात्रा के माध्यम से पलायन और रोजगार जैसे मुद्दे पर युवाओं को जागरूक कर रही है।

———बाइट———

इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह और एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में दो हजार तेईस बैच के बिहार कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी प्रशिक्षुओं को गंभीरता से अपना प्रशिक्षण पूरा करने और ईमानदार लोक सेवक के रूप में काम करने की सलाह दी।

---

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने दानापुर के हेतनपुर दियारा क्षेत्र की छात्रा खुशबू कुमारी को विज्ञान की पढाई करने में हर संभव मदद का भरोसा दिया है। श्री प्रधान ने खुशबू से आज वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से बातचीत की और उसे डॉक्टर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। शिक्षा मंत्री ने खुशबू के माता–पिता की उपस्थिति में उसका हौसला बढ़ाया। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण खुशबू के माता पिता उसकी विज्ञान की पढाई जारी रखने में सक्षम नहीं थे। इसलिए खुशबू का नाम हेतनपुर दियारा में कला संकाय में लिखा दिया गया था। इसके बाद खुशबू की इस मुश्किल को कुछ मीडियाकर्मियों ने प्रसारित किया जो काफी वायरल हुआ। इस मामले में मीडिया रिपोर्ट का स्वत संज्ञान लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने मदद की पहल की। केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री प्रधान ने बातचीत के दौरान खुशबू को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उसकी जो इच्छा है वो पढ़े, उसे हर संभव सहायता दी जाएगी।

आकाशवाणी समाचार से बातचीत में खुशबू ने कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है। मैट्रिक परीक्षा में उनासी प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाली खुशबू का डॉक्टर बनना उसका और उसके पिता का सपना है। गंगा नदी से घिरे दुर्गम हेतनपुर दियारा क्षेत्र में रहने वाली खुशबू ने कहा कि वह अपने गांव में अस्पताल खोलना चाहती है।

–––बाइट–––

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह को खुशबू कुमारी का नामांकन जीव विज्ञान संकाय में दो हजार पच्चीस से दो हजार सत्ताईस के अकादमिक सत्र में कराने को कहा है। श्री प्रधान ने जिलाधिकारी को केंद्र सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पढ़ाई की सुविधा प्रदान करने का निर्देश दिया है।

---

केन्द्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज शाम नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में फिट इंडिया महोत्सव का उद्‌घाटन किया।

तीन दिन तक चलने वाले फिटनेस और वेलनेस महोत्सव का उद्देश्य फिट इंडिया अभियान के अनुरूप अधिक स्वस्थ और सक्रिय जीवन शैली को प्रोत्साहन देना है। इस दौरान रस्सा कूद, क्रिकेट बॉलिंग और पंजा लड़ाना जैसे खेलों का आयोजन होगा। इधर, श्री मांडविया ने आज सुबह अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट पर फिट इंडिया – रविवार को साइकिल पर अभियान में हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि साइकिल चलाने से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में मदद मिल सकती है।

–––बाइट–––

---

आज देशभर में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया गया। यह दिवस टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर वर्ष सोलह मार्च को मनाया जाता है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया है कि देश के प्रत्येक बच्चे की स्वास्थ्य सुरक्षा का लक्ष्य हासिल करने के लिए टीकाकरण अनिवार्य है। मंत्रालय ने बताया है कि राज्य सरकारों और समर्पित अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सरकार बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। संपूर्ण टीकाकरण कवरेज के तेजी से विस्तार के लिए वर्ष दो हजार चौदह में मिशन इंद्रधनुष की शुरूआत की गई थी। इसका उद्देश्य शिशु मृत्युदर में कमी लाना और बच्चों में संपूर्ण टीकाकरण को प्रभावी बनाना है।

---

राज्य के मौसम में उतार–चढ़ाव का दौर जारी है। आज सुबह से राजधानी पटना, बक्सर, मुजफ्फरपुर, मधुबनी और सीवान सहित प्रदेश के कई जिलों में बादल छाये रहे। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन जिलों में हल्की बारिश भी दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने बताया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान गोपालगंज, पूर्वी और पश्चिम चंपारण जिले के कई स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है।

–––बाइट–––

---

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में ग्यारहवीं की परीक्षा कल से जबकि नौवीं की परीक्षा बीस मार्च से शुरू होगी। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अनुसार ग्यारहवीं की परीक्षा पच्चीस मार्च तक दो पालियों में ली जायेगी। वहीं, कक्षा नौ की वार्षिक परीक्षा

भी पच्चीस मार्च तक चलेगी। दोनों कक्षाओं के परीक्षार्थियों को पन्द्रह मिनट का अतिरिक्त समय प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए मिलेगा।

---

भोजपुर जिले में पिछले चौबीस घंटो के दौरान अपराधियों ने तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। जिले के बड़हरा थाना के सेमरा गांव में दूध को लेकर हुए विवाद में दो लोगों की हत्या कर दी गयी। वहीं, आरा नगर थाना क्षेत्र के बिंद टोली मुहल्ले में शराब विवाद में अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी।

---

नवादा जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र के कबला गांव और सिरदला थाना क्षेत्र के राजन गांव में दो लोगों की स्नान के दौरान गहरे पानी में डूबने से मौत हो गयी।

---

अररिया में एसएसबी की छप्पनवीं बटालियन ने भारत–नेपाल सीमा के बसमतिया पेट्रोंल पंप के पास छापेमारी कर बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाओं के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – उनका गवर्नेंस मॉडल विश्वास पर आधारित है। श्री मोदी ने प्रसिद्ध पॉडकास्टर लेक्स फ्रेडमैन के शो में कहा– वे लोगों पर केंद्रित शासन चलाते हैं।

02. राज्य में पुलिसकर्मियों पर लगातार हो रहे हमलों पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये।

03. दानापुर की खुशबू कुमारी अब बनेगी डॉक्टर। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने पटना के जिलाधिकारी को आर्थिक रूप से कमजोर खुशबू कुमारी का दाखिला वर्तमान सत्र में जीव विज्ञान संकाय में कराने का निर्देश दिया।

04. और, बिहार कांग्रेस ने रोजगार और पलायन के मुद्दे पर आज पश्चिम चंपारण के भितिहरवा गांधी आश्रम से पदयात्रा की शुरूआत की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।